In the NEWS

Reliance Life Insurance

Publication: **Daily Hindi Milap** | Region: **Hyderabad** | Date: **25/03/2015** | Page No.: **06**

रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस बनाएगा 100 वाचनालय

हैदराबाद, 24 मार्च -(एफ.एम. सलीम)

रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस ने बच्चों में पठन-पाठन की रुचि जगाने के उद्देश्य से राज्य के नलगोंडा जिले के एक ग्रामीण स्कूल में पुस्तकालय की शुरुआत की। कंपनी ने योजना बनाई है कि आगामी तीन वर्षों में देश के 100 ग्रामीण स्कूलों में इसी तरह के वाचनालयों का निर्माण किया जाएगा।

उद्घाटन के बाद हैदराबाद में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य एजेन्सी अधिकारी मनोरंजन साहू ने बताया कि कंपनी ने बच्चों में पुस्तकों के प्रति आकर्षण एवं पठन-पाठन की परंपरा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में सभी सुविधाओं से सुसज्जित वाचनालयों का निर्माण करने का निर्णय लिया है। इसका नाम 'पढ़ने का कमरा' रखा गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों में ज्ञान आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें खुद से कुछ सीखने की प्रवृत्ति का विकास करने के लिए पुस्तकालयों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साहू ने बताया कि पुस्तकालयों की स्थापना के लिए तेलंगाना, आन्ध्र-प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र के सरकारी स्कूलों से संपर्क किया गया है। 100 वाचनालयों की स्थापना तीन वर्षों में पूर्ण कर ली जाएगी।